भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या : 1235
उत्तर देने की तारीख : 25 नवम्बर, 2019

लद्दाख में सांस्कृतिक केंद्र की स्थापना

1235. श्री जामयांग शेरिंग नामग्याल :

क्या **संस्कृति मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने माननीय प्रधानमंत्री द्वारा 2018 में अपनी लद्दाख यात्रा के दौरान की गई घोषणा के अनुसार लद्दाख में एक सांस्कृतिक केंद्र स्थापित करने की कोई योजना बनाई है या इस हेतु कोई कदम उठाया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) यदि नहीं, तो सरकार द्वारा ऐसा कब तक किए जाने की संभावना है; और

(घ) लद्दाखी संस्कृति के संरक्षण और प्रोत्साहन हेतु हाल में घोषित संघ राज्यक्षेत्र में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं?

उत्तर
(श्री प्रहलाद सिंह पटेल)
संस्कृति एवं पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(क) से (ग) : देश भर में लोक कला और संस्कृति के विभिन्न रूपों के संरक्षण, प्रोत्साहन और परिरक्षण के लिए भारत सरकार द्वारा पहले ही सात क्षेत्रीय सांस्कृतिक केन्द्रों (जेडसीसी) की स्थापना की गई है जिनके मुख्यालय पटियाला, नागपुर, उदयपुर, प्रयागराज, कोलकाता, दीमापुर और तंजावुर में स्थित हैं। ये जेडसीसी भारत भर में नियमित आधार पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यकलाप और कार्यक्रम आयोजित करते हैं। तत्कालीन जम्मू और कश्मीर राज्य (जिसमें नव निर्मित जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र तथा लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र शामिल हैं) उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र (एनजेडसीसी), पटियाला का सदस्य राज्य है। यदि लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र समुचित भूमि उपलब्ध कराता है, तो इस प्रस्ताव पर नीति के अनुसार विचार किया जा सकता है।

(घ) : इन जेडसीसी द्वारा भारत भर में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों/उत्सवों में लद्दाखी संस्कृति की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करने के लिए इनके द्वारा लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र के लोक कलाकारों को आमंत्रित किया जाता है।

इसके अलावा, लद्दाख के इन लोक कलाकारों को राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित राष्ट्रीय संस्कृति महोत्सव (आरएसएम) जैसे प्रमुख उत्सवों के दौरान भी प्रस्तुति के लिए आमंत्रित किया जाता है।

***